

## वर्ल्ड कप के दौरान वे सिर्फ अनुष्का के लिए चाय ला रहे थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पुणे। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वह अपनी बात खुलकर बोलते हैं। मंगलवार को पुणे पहुंचे इंजीनियर ने एक ओर जहां सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) पर जमकर निशाना साधा वहीं दूसरी ओर सिलेक्टर्स को भी आड़े हाथों लिया। 82 वर्षीय इंजीनियर मौजूदा चयन समिति से भी खुश नहीं हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, हमारे पास मिकी माउस सिलेक्शन समिति है। उन्होंने कहा कि टीम चयन कोई चुनौती नहीं है क्योंकि इसमें विराट कोहली की काफी चलती है।

इंजीनियर ने कहा, टीम चयन की प्रक्रिया में विराट कोहली की बहुत अहम भूमिका है जो एक बहुत अच्छी बात है। लेकिन सिलेक्टर्स की क्या खूबी है? सभी सिलेक्टर्स ने मिलकर कुल 10–12 टेस्ट मैच खेले होंगे। मैंने इनमें से एक सिलेक्टर को पहचाना भी नहीं था। मैंने किसी से पूछा यह कौन था जिसने भारत का ब्लेजर पहन रखा था, तो उसने बताया कि यह एक सिलेक्टर है। वे सिर्फ अनुष्का शर्मा (विराट की पत्नी) को चाय के कप दे रहे थे। मुझे लगता है कि दिलीप वेंगसरकर के कद के किसी इनसान चयन समिति में होना चाहिए।

# बांग्लादेश की बैटिंग मजबूत, भारत को टी20 में हराने का शानदार मौका

**क्रिकेट**

## इस सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज खेली जाएगी

- वीवीएस लक्ष्मण को लगता है कि टी–20 सीरीज में बांग्लादेश जीत सकता है
- टी–20 इंटरनैशनल सीरीज की शुरुआत 3 नवंबर से दिल्ली में हो रही है



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश के पास अपनी बल्लेबाजी में गहराई की बदौलत रविवार से शुरू होने वाली टी20 सीरीज में मजबूत भारत को हराने का बढ़िया मौका है। सीरीज का शुरुआती मैच दिल्ली में खेला जाएगा, जिसके बाद राजकोट में सात नवंबर को और नागपुर में 11 नवंबर को मैच होंगे।

टी20 सीरीज के बाद दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी, जिसमें ईडन गार्डंस में मेजबान भारत 22 नवंबर से गुलाबी गेंद से एतिहासिक डे–नाइट मैच खेलेगा। लक्ष्मण ने कहा, 'बांग्लादेश के लिए यह भारत को उसकी सरजमीं पर हराने का सर्वश्रेष्ठ मौका है, क्योंकि उनका बल्लेबाजी लाइन–अप काफी मजबूत है।

हालांकि उनके गेंदबाजी विभाग में दबाव सबसे ज्यादा मुस्तफिजुर रहमान पर होगा, क्योंकि टीम में स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजी लाइन–अप थोड़ा अनुभवहीन लगता है।'

उन्होंने कहा, 'मुस्तफिजुर को अहम भूमिका निभानी होगी और नई गेंद से जल्दी विकेट चटकाने होंगे। टीम में विराट कोहली नहीं है तो मध्यक्रम में थोड़ा अनुभव कम होगा।' लक्ष्मण ने कहा कि टीम इंडिया में अब समय युवाओं के लिए जिम्मेदारी निभाकर मैच जीतने के बाद भारत के लिए सीरीज जीतने का है। उन्होंने कहा, 'वॉशिंगटन सुंदर और युजवेंद्र चहल भारत के गेंदबाजी विभाग के लिए अहम होंगे, क्योंकि जहां मैच खेले जाने हैं वे स्थल स्पिनरों के मुफीद हैं। इस गेंदबाजी लाइन अप में इतना अनुभव नहीं है इसलिए मुझे लगता है कि युजवेंद्र चहल सभी तीनों मैचों में खेलेंगे।'

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि अन्य युवा खिलाड़ियों जैसे कृणाल पंड्या के लिए भी कठिन ओवर में बेहतर करके मैच जीतने का यह अच्छा मौका होगा।' लक्ष्मण ने सीरीज में नतीजे के बारे में कहा, 'मुझे लगता है कि यह 2–1 से भारत के पक्ष में होगा। रोहित शर्मा और लोकेश राहुल अच्छी फॉर्म में हैं और शिखर धवन भी खुद को स्थापित करने में लगे हैं इसलिए मैं इस सीरीज को जीतने के लिए भारतीय बल्लेबाजी का समर्थन कर रहा हूं।'

# मैक्सवेल ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते क्रिकेट से ब्रेक लिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने क्रिकेट से छह महीने के लिए ब्रेक लेने का फैसला किया है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों की वजह से यह फैसला किया। टीम के साइकॉलजिस्ट डॉक्टर माइकल लॉयड ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनैशनल के लिए डार्सी शॉर्ट को टीम में शामिल किया गया है।



लॉयड ने कहा, ग्लेन मैक्सवेल मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। नतीजतन उन्होंने खेल से ब्रेक लेने का फैसला किया है। ग्लेन ने इस मामले में पहल करते हुए इन समस्याओं को पहचाना और सपोर्टिंग स्टाफ से बात की। मैक्सवेल के फैसले पर उन्हें क्रिकेट बोर्ड के भीतर से काफी मदद मिली। राष्ट्रीय टीमों के ऐग्जिक्यूटिव जनरल मैनेजर बेन ऑलिवर ने कहा कि खिलाड़ियों और स्टाफ की सेहत प्राथमिकता का हिस्सा है।

ऑलिवर ने कहा, हमारे खिलाड़ियों और सपॉर्ट स्टाफ का स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण है। ग्लेन को हमारा पूरा समर्थन है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट विक्टोरिया के साथ मिलकर काम करेगा और यह ग्लेन के स्वास्थ्य और क्रिकेट में उनकी वापसी सुनिश्चित करेगा। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि ग्लेन और उनके परिवार को थोड़ा निजी समय दिया जाए, उनकी निजता का सम्मान किया जाए।

उन्होंने कहा, वह हमारे खास खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट परिवार का वह खास हिस्सा हैं। हम जल्द ही उनकी वापसी की आशा करते हैं। ग्लेन और हमारे खिलाड़ियों की देखभाल करना अहम है।

## आईओसी ने मेरीकोम को 2020 ओलंपिक के लिए मुक्केबाजी के खिलाड़ी दूत समूह में शामिल किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मेरीकोम को मुक्केबाजी पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यबल ने अगले साल होने वाले तोक्यो ओलंपिक खेलों से पहले मुक्केबाजों का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 सदस्यीय खिलाड़ी दूत समूह में शामिल किया है। मेरीकोम इस समूह में एशियाई मुक्केबाजों का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस समूह में दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता यूक्रेन के दिग्गज वासिल लामाचेनको (यूरोप) और पांच बार के विश्व चैंपियन तथा 2016 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता जूलियो सेजार ला क्रूज (अमेरिका) जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। राज्यसभा की सदस्य मेरीकोम ने पीटीआई को कहा, "यह बड़े सम्मान की बात है, उपलब्धि की तरह। लेकिन साथ ही जिम्मेदारी भी है क्योंकि मुझे अपने साथी खिलाड़ियों की मदद के लिए काम करना होगा। हमेशा की तरह मैं अपना सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करूंगी।"

## न्यूज डायरी



### पुरुष हॉकी टीम का सामना रूस से, अमेरिका से भिड़ेंगी महिलाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भुवनेश्वर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शुक्रवार को यहां निचली रैंकिंग की रूस की टीम के खिलाफ होने वाले दो चरण के ओलिंपिक क्वॉलिफायर में आत्ममुग्धता से बचना होगा, जबकि महिला टीम को अमेरिका की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। दोनों भारतीय टीमें तोक्यो ओलिंपिक के लिए टिकट कटाने से महज दो मैच दूर हैं। मनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम को हालांकि 22 नंबर के रूस के रूप में आसान प्रतिद्वंद्वी से भिड़ना है, जबकि महिलाओं को एफआईएच ओलिंपिक क्वॉलिफायर के अंतिम दौर में अमेरिकी लड़कियों का सामना करना है। दोनों टीमें शुक्रवार और शनिवार को लगातार दो मैच खेलेंगी। दो मैचों के क्वॉलिफायर में विजेता (पुरुष और महिला टीम में से) 2020 तोक्यो ओलिंपिक के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लेगा।

### बीमार जोकोविच जीते, नडाल भी अगले दौर में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। नोवाक जोकोविच ने बीमार होने के बावजूद फ्रांस के लकी लूजर कोरेनटिन मोतेत को हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई जबकि रफेल नडाल ने एड्रियन मनारिनो को हराया। शीर्ष वरीय जोकोविच ने पहले सेट में दो सेट प्वाइंट बचाते हुए बुधवार को दुनिया के 97वें नंबर के खिलाड़ी मोतेत को 7–6 (7/2), 6–4 से हराया। जोकोविच गुरुवार को प्री क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन के काइल एडमंड से भिड़ेंगे। गले की समस्या से परेशान जोकोविच ने कहा, "पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य के लिहाज से मैं शत प्रतिशत ठीक महसूस नहीं कर रहा हूं।" उन्होंने कहा, "इससे आपकी ऊर्जा, कोर्ट पर आपके मूवमेंट पर असर पड़ता है। लेकिन इस तरह के हालात में आपको स्थिति को स्वीकार करना होता है और उबरने के लिए जो संभव हो, वह करना होता है।" नडाल ने स्थानीय वाइल्ड कार्ड धारक मनारिनो के खिलाफ 7–5, 6–4 से जीत दर्ज की। वह अगले दौर में तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता स्टेन वावरिंका से भिड़ेंगे।

### लक्ष्य, मिथुन और राहुल सारलोरलक्स ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सारब्रकेन। उभरते हुए भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने कड़े मुकाबले में फिनलैंड के एतु हेइनो को हराकर यहां सारलोरलक्स ओपन सुपर टूर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सितंबर में बेल्जियम इंटरनेशनल में खिताबी जीत के दौरान हेइनो को हराने वाले आठवें वरीय लक्ष्य ने बुधवार रात फिनलैंड के खिलाड़ी को 56 मिनट चले दूसरे दौर के मुकाबले में 21–18 18–21 22–20 से हराया। इसी महीने डच ओपन के रूप में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले लक्ष्य अगले दौर में जर्मनी के लार्स शेंजलर से भिड़ेंगे। उत्तराखंड के 18 साल के लक्ष्य को पहले दौर में बाई मिली थी। मिथुन मंजूनाथ और बीएम राहुल भारद्वाज ने भी सीधे गेम में जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मिथुन ने मलेशिया के चोंग यी हान को 21–15 21–14 से हराया जबकि राहुल ने जर्मनी के काइ स्केफर को 21–13 21–15 से शिकस्त दी।

### शिव थापा, पूजा रानी ने ओलंपिक परीक्षण प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। शिव थापा (63 किग्रा) और पूजा रानी (75 किग्रा) ने गुरुवार को यहां मुक्केबाजी की ओलंपिक परीक्षण प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीते जबकि आशीष (69 किग्रा) को फाइनल में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चार बार के एशियाई पदक धारक थापा ने कजाकस्तान के राष्ट्रीय चैंपियन और एशियाई कांस्य पदक विजेता सनाताली तोलतायेव को एकतरफा मुकाबले में 5–0 से हराया। थापा गत राष्ट्रीय चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता हैं। एशियाई खेलों की पूर्व कांस्य पदक विजेता रानी ने आस्ट्रेलिया की कैटलिन पार्कर को हराकर स्वर्ण पदक जीता। रानी ने इस साल एशियाई चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता था। आशीष को हालांकि फाइनल में जापान के सेवोन ओकोजावा के खिलाफ शिकस्त के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।